महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र 2023-24

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में सत्र 2023 -24 के अंतर्गत शैक्षणिक -अकादमिक गतिविधियां संचालित की गई। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रहित एवं उनका व्यक्तित्व विकास रहा है । जून 2023 से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के साथ ही स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया के साथ कुल 770 छात्र एवं 1217 छात्राएं अध्यनरत हैं। कला, वाणिज्य एवं विज्ञान तीनों ही संकायों में स्नातक- स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययन- अध्यापन कराया जाता है। पीजीडीसीए ,योगा साइंस में भी विद्यार्थी रुचि पूर्वक अध्ययन करते हैं ।खेलकूद की दृष्टि से क्रीड़ा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है ।खेल में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं के लिए बैडमिंटन, टेनिस ,टेबल टेनिस, कबड्डी ,फुटब०ल शतरंज जैसे रोचक खेलकूद एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिसमें छात्र-छात्राओं ने तत्परता पूर्वक सहभागिता दिखाई। वर्तमान में ग्रंथालय में पर्याप्त पुस्तकें हैं तथा छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए वाचनालय बनाया गया है ।साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें ,शोध अनुसंधान, मनोरंजक ,शिक्षाप्रद पुस्तकें एवं विभिन्न पत्र- पत्रिकाएं छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ के लिए उपलब्ध कराई गई है ।

अकादमिक कैलेंडर के अनुसार ही इकाई मूल्यांकन आंतरिक, आंतरिक मूल्यांकन एवं मुख्य परीक्षा आयोजित किए गए। परीक्षा परिणाम शत -प्रतिशत रहा। सत्र 2022-23 में एम.ए भूगोल विषय के अंतर्गत विश्वविद्यालय की प्रवीण्य सूची में मेघनाथ जंघेल ने छटवां एवं घनश्याम साहू ने नौवां स्थान प्राप्त किया। एम.ए. अर्थशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कुमारी प्रतीक्षा भूते ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। तथा 11 छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की।

अकादमिक गतिविधियों के अंतर्गत अतिथि व्याख्यान, अंतर्विभागीय व्याख्यान,सामूहिक चर्चा, परिचर्चा ,प्रयोजना कार्य, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ,शैक्षणिक भ्रमण, वृक्षारोपण ,संगोष्ठी में सहभागिता, सद्गति कहानी का मंचन आदि महत्वपूर्ण गतिविधियां संचालित हुई ,जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक अपनी तत्परता -सहभागिता दिखाई। एन.एस.एस, रेड क्र०स समिति ,एन .सी.सी, महिला प्रकोष्ठ ,शिकायत निवारण समिति द्वारा भी अपने दायित्वों का

निर्वहन भली–भांति किया गया। गृह विज्ञान विभाग एवं आई.क्यू.ए.सी के तत्वाधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इसमें दुर्ग विश्वविद्यालय की कुलपति माननीय डॉ. अरुणा पल्टा ,विशिष्ट अतिथि डॉ. रेखा शर्मा ,महाराष्ट्र नागपुर यूनिवर्सिटी, डा०. संध्या मदन मोहन प्रिंसिपल भिलाई महिला महाविद्यालय उपस्थित रहे। इसी तरह वाणिज्य विभाग द्वारा रिसर्च मेथाडोल०जी एवं प्रोजेक्ट वर्क विषय पर एक दिवसीय वेबीनार आयोजन किया गया ।जिसमें वाय.टी स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग से डा०. लाली शर्मा सहायक प्राध्यापक विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुए। कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट द्वारा भी वेबीनार आयोजन किया गया। अंग्रेजी विभाग में स्पोकन इंग्लिश एवं प्रतियोगिता परीक्षा संबंधित ग्रामर के ऊपर 30 घंटे का वैल्यू एडेड कोर्स कराया गया। इसी प्रकार वाणिज्य विभाग द्वारा टैली के ऊपर 30 घंटे का वैल्यू एडेड कोर्स कराया गया । महाविद्यालय में कुल 45 अधिकारी कर्मचारी कार्यरत है सबके सहयोग से महाविद्यालय की शैक्षणिक अकादमिक गतिविधियों का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

डॉ. श्रीमती ई.व्ही.रेवती
प्र.प्राचार्य
शास. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
डोंगरगढ़, जिला – राजनांदगांव (छ.ग.)

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/